B. A. (Semester–I) Examination, December–2024

(Only For Non Collegiate Candidates)

GENERAL HINDI

(सामान्य हिन्दी)

Compulsory Paper

Time Allowed : Hours **Max. Marks : 50**

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। ओ.एम. आर. शीट पर निर्देश पढ़ कर सही उत्तर (अ, ब, स, द) अंकित करने के लिए संबंधित वृत्त को एच. बी. पेन्सिल / बॉल पेन से काला कीजिये। सामान्य हिन्दी अनिवार्य प्रश्न-पत्र में कुल 50 प्रश्न हैं, प्रश्नों की क्रम संख्या 01 से 50 तक निर्धारित है।

1. राष्ट्र कवि के नाम से प्रसिद्ध है :
   (अ) जयशंकर प्रसाद (ब) मुक्तिबोध
   (स) मैथिलीशरण गुप्त (द) महादेवी वर्मा

2. 'नर हो न निराश करो मन को' कविता का मूल भाव है-
   (अ) मनुष्य को निरंतर काम करना चाहिए।
   (ब) मनुष्य को भक्ति करनी चाहिए।
   (स) मनुष्य को लगातार परोपकार करना चाहिए।
   (द) लगातार देश सेवा करनी चाहिए।

3. जयशंकर प्रसाद किस काव्यधारा के कवि हैं ?
   (अ) प्रयोगवाद (ब) प्रगतिवाद
   (स) छायावाद (द) नयी कविता

4. निराला की कविता कौनसी है ?
   (अ) गीत फरोश (ब) कामायनी
   (स) लहर (द) जागो फिर एक बार

5. दिल्ली कविता में दिल्ली प्रतीक है-
   (अ) राजधानी की (ब) भारत का
   (स) भारतीय जनता का (द) उपर्युक्त सभी का

PTO...

6. हम अनिकेतन हैं कविता के रचनाकार हैं-
(अ) निराला (ब) प्रसाद
(स) बालकृष्ण नवीन (द) नागार्जुन

7. झाँसी की रानी कविता किसने लिखी है ?
(अ) नागार्जुन (ब) प्रेमचन्द
(स) नम्रता चौहान (द) सुभद्रा कुमारी चौहान

8. 'हिमालय के आँगन में' किस भाव की कविता है ?
(अ) शृंगार परक (ब) प्रकृतिवादी
(स) राष्ट्रवादी (द) निराशावादी

9. पाठ्यक्रम में संकलित शहीद की माँ कविता के कवि का नाम है-
(अ) भारतेन्दु (ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) रघुराजसिंह हाड़ा (द) दिनकर

10. निम्न में से हाड़ौती अंचल के प्रसिद्ध कवि हैं-
(अ) प्रसाद (ब) निराला
(स) रघुराजसिंह हाड़ा (द) महादेवी वर्मा

11. 'पन्द्रह अगस्त' कविता के कवि है-
(अ) गिरिजा कुमार माथुर (ब) मुक्तिबोध
(स) नागार्जुन (द) निराला

12. 'जागो फिर एकबार' कविता का मूल भाव है-
(अ) अहिंसावादी (ब) राष्ट्रवादी
(स) आध्यात्मिक (द) निराशावादी

13. राष्ट्रीय काव्यधारा की कवयित्री कौन हैं ?
(अ) प्रभा ठाकुर (ब) महादेवी वर्मा
(स) मीरा बाई (द) सुभद्रा कुमारी चौहान

14. 'नवीन' उपनाम से जाने जाते हैं-
(अ) सूर्यकान्त त्रिपाठी (ब) श्रीकान्त वर्मा
(स) बालकृष्ण नवीन (द) भारतेन्दु

15. हिन्दी गद्य का जनक किसे कहा जाता है ?
(अ) प्रेमचन्द (ब) प्रताप नारायण
(स) भारतेन्दु (द) बालकृष्ण भट्ट

16. नाखून बढ़ने को लेखक ने प्रतीक माना है-
(अ) मानवता का (ब) पाशविकता का
(स) विकास का (द) आधुनिकता का

17. हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखा गया निबंध है-
(अ) शिलालेख (ब) नाखून क्यों बढ़ते हैं
(स) नाखून (द) उत्सर्ग

18. लेखक ने भूमि, जन और संस्कृति को किसका प्रमुख अवयव माना है ?
(अ) सेना का (ब) शक्ति का
(स) राष्ट्र का (द) समाज का

19. 'गेहूँ बनाम गुलाब' शीर्षक निबंध के लेखक हैं-
(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) राजेन्द्र यादव
(स) रामवृक्ष बेनीपुरी (द) नरेश मेहता

https://www.pyqonline.com

20. 'गुलाब' किसका प्रतीक है ?
(अ) परिश्रम का (ब) सौन्दर्य का
(स) परतंत्रता का (द) विलासित का

21. 'बड़े घर की बेटी' कहानी के लेखक हैं-
(अ) प्रसाद (ब) प्रेमचन्द
(स) रागेय राघव (द) महावीर प्रसाद द्विवेदी

22. 'भवानी शंकरौ वन्दे' निबन्ध के निबंधकार हैं :
(अ) भारतेन्दु (ब) कुबेरनाथ राय
(स) हजारी प्रसाद द्विवेदी (द) रामकुमार वर्मा

23. 'अदम्य जीवन' रिपोर्ताज में लेखक ने किस प्रांत का वर्णन किया है ?
(अ) राजस्थान (ब) उड़ीसा (स) बिहार (द) बंगाल

24. 'उत्सर्ग' एकांकी के लेखक हैं :
(अ) वासुदेव शरण अग्रवाल (ब) रामकुमार वर्मा
(स) हजारी प्रसद द्विवेदी (द) कुबेरनाथ राय

25. 'गाँधीजी से भेंट' रचना है :
(अ) कहानी (ब) जीवनी (स) आत्मकथा (द) यात्रा वृत्तांत

26. 'सुरेश' शब्द में संधि है-
(अ) दीर्घ संधि (ब) गुण संधि
(स) यण संधि (द) अयादि संधि

27. 'स्वागत' शब्द में कौनसी संधि हैं ?
(अ) दीर्घ संधि (ब) व्यंजन संधि
(स) यण संधि (द) विसर्ग संधि

28. समास कितने प्रकार के होते हैं ?
(अ) पाँच (ब) सात (स) चार (द) छः

29. 'षट्कोण' शब्द में समास है-
(अ) द्वन्द्व समास (ब) द्विगु समास
(स) तत्पुरुष समास (द) कर्मधारय समास

30. निर् उपसर्ग का प्रयोग किस शब्द में नहीं है ?
(अ) निर्जल (ब) नीरोग (स) निराकार (द) निर्भय

31. प्रत्यय कितने प्रकार के होते हैं ?
(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) पाँच

32. 'रमणीय' शब्द में कौनसा प्रत्यय है ?
(अ) इक (ब) ईय (स) इत (द) अनीय

33. 'सूक्ष्म' का विलोम होगा-
(अ) मोटा (ब) बड़ा (स) स्थूल (द) बारीक

34. 'साध्य' का विलोम है-
(अ) कुसाध्य (ब) सुसाध्य (स) असाध्य (द) दुसाध्य

35. अमृत का पर्यायवाची है-
(अ) सोम (ब) अगम (स) विष (द) सुरारि

36. पृथ्वी का पर्यायवाची है-
(अ) आत्मजा (ब) आपगा
(स) मही (द) अचल

37. कौनसा शब्द शुद्ध है ?
(अ) अहिल्या (ब) अहलिया
(स) अहल्या (द) अहिलया

38. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-
(अ) किवयत्री (ब) कवयित्री
(स) कवियित्री (द) कीवियित्री

39. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है-
(अ) व्यायाम करने से अनेकों लाभ होते हैं।
(ब) व्यायामों से अनेक लाभ होते हैं।
(स) व्यायाम करने से अनेक लाभ होते हैं।
(द) व्यायाम से अनेक लाभ होता है।

40. 'जिसका कोई शत्रु न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-
(अ) अजेय (ब) शत्रुरहित
(स) अमर (द) अजातशत्रु

41. 'जो कहा न जा सके' वाक्यांश के लिये प्रयुक्त होगा-
(अ) अकथ (ब) अकथनीय
(स) अवचनीय (द) अंकुश

42. शब्द युग्म अनिल-अनल का अर्थ है-
(अ) आग-हवा (ब) हवा-अग्नि
(स) आग-आकाश (द) हवा-पृथ्वी

43. आदि-आदी शब्द युग्म का सही अर्थ है-
(अ) प्रारम्भ-आदिवासी (ब) प्रारंभ-समापन
(स) प्रारम्भ-अभ्यस्त (द) आदिम-पुरातन

44. 'कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ है-
(अ) पोल खुलना (ब) रौब दिखाना
(स) नाक रगड़ना (द) रंग उतरना।

45. 'अंधे की लकड़ी' लोकोक्ति का क्या आशय है ?
(अ) लकड़ी के सहारे चलना (ब) एकमात्र सहारा
(स) दिखाई न देना (द) दुःखी होना

46. 'जलज' शब्द का अनेकार्थी नहीं है-
(अ) मोती (ब) कमल (स) पुष्प (द) चन्द्रमा

47. निम्न में से तत्सम शब्द नहीं है-
(अ) अग्नि (ब) कृषक (स) काष्ठ (द) घर

48. तद्भव शब्द कौनसा है ?
(अ) कर्ण (ब) कंटक (स) कुपुत्र (द) कपूत

49. निम्नलिखित में से देशज शब्द है-
(अ) अम्मा (ब) माँ (स) माता (द) मातृ

50. DATA का हिन्दी अर्थ है-
(अ) दिनांक (ब) तारीख
(स) डेट (द) आंकड़े

❑❑❑

https://www.pyqonline.com